



MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक180 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 13 अप्रैल 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4



पृष्ठ-2 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# कांग्रेस ने 70 साल में आदिवासियों की चिंता नहीं की, भाजपा ने दिलाया उनको अधिकार - मोहन यादव

सिवनी यशो :- कांग्रेस ने देश में 70 वर्षों तक शासन किया। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन आदिवासियों की चिंता कांग्रेस की सरकारों ने कभी नहीं कीं। आदिवासियों के अधिकारों की लड़ाई कांग्रेस ने तो कभी नहीं लड़ी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी हमेशा से आदिवासियों के साथ रही। भाजपा ने आदिवासियों को उनके अधिकार दिलाए। मध्यप्रदेश की सरकार ने आदिवासियों के हितों के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। कांग्रेस के शासनकाल में किसी भी आदिवासी को उच्च पद नहीं दिया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार एवं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने एक आदिवासी नेत्री को देश का सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों के हितों की चिंता की। अब वे देश के भ्रष्टारियों और अपराधियों को भी जेल भेजने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता कहते हैं कि आदिवासी को तो बना सकते हैं, लेकिन शरीर से उनका रंग काला-काला होता है। कांग्रेस को वोट लेते समय ये सब नहीं दिखता।






यह बातें मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लखनादौन विधानसभा के ग्राम कहानी में लोकसभा प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते के समर्थन में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए कही।

**आदिवासी युद्धाओं ने आन बान शान को झुकने नहीं दिया**

मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से आदिवासियों के हितों के लिए लड़ाई लड़ती रही है। हमारी सरकार ने तो पहली कैबिनेट की बैठक ही रानी दुर्गावती के नाम पर जबलपुर में की थी। रानी दुर्गावती वीर, साहसी थीं, जो मुगलों से भी नहीं डरी, मुगलों में भी सबसे बड़े शासक अकबर थे। उनकी सत्ता को चुनौती देते हुए रानी दुर्गावती ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, लेकिन भारत की आन-बान शान को झुकने नहीं दिया। ऐसी ही एक और वीर, साहसी रानी थी अवंतीबाई लोधी, जो अंग्रेजों के सामने न झुकी, न रूकी। उन्होंने भी लड़ते-लड़ते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

**किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जायेगा**

डां. मोहन यादव ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की राशि मातृशक्ति को निर्धारित तिथि में मिलते रहेंगी यह योजना कभी बंद नहीं होगी । उन्होंने किसानों को समृद्ध बनाने की बात भी दुहराई और कहा कि भाजपा की सरकार हर वर्ग की चिंता करती है और किसानों को गेहूँ का समर्थन मूल्य 27 सौ रूपये ही नहीं तीन हजार रूपये प्रति क्विंटल भी दिया जायेगा । डाँ मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि सरकार एक दो माह के लिये बनती पांच साल के लिये बनती है और किसानों को उनकी उपज का मूल्य मिलेगा गेहूँ का समर्थन मूल्य हर साल बढ़ते जायेगा ।

***गरीब ही गरीबों का दर्द समझता है***

मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कोई गरीब ही गरीब का दर्द समझ सकता है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी गरीबी देखी है, रेलवे स्टेशन पर चाय बेची है। मैं खुद भी किसान, मजदूर परिवार से आता हूं, मैंने भी गरीबी देखी है और आज भाजपा ने मुझे सेवा करने का मौका दिया है। जिनके घरों से हेलीकाप्टर उड़ रहे हैं वे` या गरीबों का दर्द समझेंगे, लेकिन अब गरीबों के लिए भी हेलीकाप्टर की व्यवस्था देश और प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि यदि किसी गरीब को बीमार होने, ऐ सीडेंट होने पर एयर ए बुलेंस की जरूरत पड़ेगी तो उसे सरकार एयर ए बुलेंस से बड़े शहर के अस्पताल में छोड़ेगी। मु यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश की गरीब जनता को पक्का मकान बनाकर दे रहे हैं। अब तक 2 लाख से अधिक पक्के मकान बनाकर दे दिए हैं। हर गरीब को आयुष्मान कार्ड देकर निःशुल्क इलाज की सुविधाएं दे रहे हैं, महिलाओं की आंखें नहीं जले इसके लिए उन्हें गैस सिलेंडर दिए हैं। गरीबों का यह दर्द गरीबी देखने वाला ही समझ सकता है।

आयोजित आमसभा में प्रदेश के मु यमंत्री ने कहा कि मंडला लोकसभा से फग्गनसिंह कुलस्ते को अधिक से अधिक मतो से जिताएँ विकास की गारंटी है और आप सभी के बीच काम करके दिखाने वाले नेता है । कहानी में आयोजित जनसभा में भाजपा प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह मुकेश बघेल, श्री प्रफुल्ल मिश्रा, देवीसिंह मरकाम, जयदीप सिंह चौहान, अजय डागोरिया प्रदीप राय, राजेश पारासर सहित अनेक भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## आज प्रहलाद पटेल तो कल शिवराज आयेंगे सिवनी

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश के पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगामी 14 अप्रैल को सिवनी जिले का प्रवास होगा । श्री चौहान अपने जिले के प्रवास के दौरान बालाघाट लोकसभा एवं मंडला लोकसभा क्षेत्र में जनसभाएँ कर भाजपा प्रत्याशियों के लिये समर्थन मांगेगे ।



भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री लाड़ली बहनों के भाई शिवराज सिंह चौहान आगामी 14 अप्रैल दिन रविवार को जिले के प्रवास के दौरान सिवनी जिला मु यालय में दोपहर 02 बजे जनसभा को संबोधित कर बालाघाट से लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी के लिये समर्थन मांगेगे ।

श्री चौहान सिवनी की जनसभा के पश्चात मंडला लोकसभा प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते के समर्थन में कान्हीवाड़ा में कार्यकर्त्ताओ एवं आमजनों से सौजन्य भेंट करेंगे, इसके पश्चात अपरान्ह 4:00 बजे पलारी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे पलारी जनसभा के पश्चात भीमगढ़ मे आमजनों से भेंट कर शाम 6:00 बजे छपारा में आयोजितजनसभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते के लिये समर्थन मांगेगे ।

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, सांसद डाँ. ढालसिंह बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, सिवनी विधानसभा प्रभारी संतोष अग्रवाल, केवलारी विधानसभा प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री अजय डागोरिया, केवलारी विधानसभा संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय, लखनादौन प्रभारी एवं भाजपा जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान सहित समस्त मंडलों के अध्यक्षों ने भाजपा के समस्त दायित्ववान कार्यकर्त्ताओं से पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सं या में उपस्थिती की अपील की है ।

## आई टी आई कॉलेज छपारा में लगातार जारी है मतदाता जागरूकता गतिविधियां

छपारा यशोः- नगर के शासकीय आई टी आई कॉलेज छपारा में स्वीप प्लान के अंतर्गत




निरन्तर मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कॉलेज प्रबंधन ने इसी दिशा में नवाचार करते हुए माइलस्टोन की प्रतिकृति पर बालाघाट- सिवनी व मण्डला लोकसभा निर्वाचन की निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि 19 अप्रैल 2024 अंकित की है जो जनमानस में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी ने बताया कि कॉलेज राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर स्थित है साथ ही छपारा नगर के लिए भी इस राष्ट्रीय राजमार्ग का एक विशेष महत्व है इसे दृष्टिगत रखते हुए ही कॉलेज परिसर में माइलस्टोन की प्रतिकृति पर मतदान की तिथि अंकित की गई जिससे मतदाता जागरूकता अभियान को गति मिले। आई टी ऑफिसर संजय उईके ने बताया कि माइलस्टोन यात्रियों को आश्वासन करता है कि वे उचित मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं उसी प्रकार मतदान लोकतंत्र की सफलता के मार्ग को प्रशस्त करता है। स्वीप नोडल अधिकारी यशविन ठाकुर ने बताया कि विगत विधानसभा निर्वाचन में सिवनी जिले ने प्रदेश में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत का रिकार्ड बनाया था जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में हम समस्त जिलेवासी एक नया माइलस्टोन स्थापित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। कार्यक्रम अधिकारी रंजना गुप्ता कहती हैं कि माइलस्टोन प्रगति के एक महत्वपूर्ण चरण का द्योतक है उसी प्रकार निष्पक्ष व शत प्रतिशत मतदान भी लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है।कॉलेज छात्रा अनामिका ने इसे एक अभिनव व आकर्षक प्रयोग बताया। छात्र धीरज में कॉलेज के मतदाता जागरूकता के प्रयासों से प्रेरित होकर संकल्प लिया कि मतदान के महत्व को अधिकतम जनमानस तक पहुचाएंगे।

# बुजुर्ग अ मा के पहुँचकर मुनमुन ने जाना हाल

## आमजनों की समृद्धि, खुशहाली के लिए पूरी शक्ति लगा दिया - मुनमुन

**विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जनसंपर्क कर भाजपा शक्ति केन्द्रों की लिया बैठक**

सिवनी यशो : - शुक्रवार, दिनांक 12 अप्रैल को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने लोकसभा चुनाव अभियान के तहत विधानसभ क्षेत्र में सघन जनसंपर्क कर शक्तिकेन्द्रों की बैठक ली। श्री राय ने अपने जनसंपर्क की शुरूआत प्रातः 10:30 बजे विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बलारपुर, जाम, हथनापुर, जैतपुर, फुलारा, चांवडी, कटंगी, गोपालगंज, डोरली छतरपुर, उडेपानी एवं बींझावाडा आदि ग्रामों का दौरा कर जनसंपर्क एवं भाजपा शक्ति केन्द्रों की बैठक ली गयी, जहां पर आपका पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इसके साथ ही विधायक श्री राय ग्राम राहीवाडा से थांवरी के बीच किये जा रहे नहर निर्माण अंतर्गत पुलिया के कार्य का निरीक्षण किया तथा ग्राम जाम के सिद्ध हनुमान मंदिर मे हनुमान जी के दर्शन व पूजन के पश्चात ग्राम फुलारा मे सभी के साथ पेड़ की छांव के नीचे बैठकर भोजन ग्रहण किया।



बैठक के दौरान विधायक श्री राय ने भाजपा मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह यह समय पिछले लंबे समय से आप सभी के द्वारा किये गये बूथ स्तर के कार्यो को परिणाम देने का है और आपकी मेहनता से विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ में बड़ी जीत सुनिश्चित करना है। भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य प्रत्येक कार्यकर्ता को लोकसभा चुनाव मे प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी जी को अधिक से अधिक मत दिलाने के लिए क्षमता पूर्वक मेहनत करनी होगी। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पांच वर्षीय कार्यकाल मे कठिन परिश्रम किया। हमारे नेतृत्व ने आमजनों की समृद्धि, खुशहाली के लिए पूरी शक्ति लगा दिया। जिसका परिणाम देश के कोने-कोने मे मोदी है तो मुमकिन है की आवाज सुनाई दे रही है।विधायक श्री राय ने आगे कहा कि जनमानस मे भारतीय जनता पार्टी के प्रति उत्साह का वातावरण है। आवश्यकता इस बात की है कि मतदाता बंधुओं को बूथों तक ले जाकर मतदान करायें। साथ ही इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि विरोधी मतदाताओं को भ्रमित न कर पाऐं। निश्चित रूप से हम सभी की यह मेहनत भाजपा की ऐतिहासिक जीत मे सहायक सिद्ध होगी।

विधायक श्री राय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश मे प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्की छतें, आयुष्मान योजना से करोड़ों लोगों को मु त ईलाज की व्यवस्था, किसान बंधुओं को किसान स मान निधि जैसी अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं सहित अनेकों विकास कार्य किये है। जिसका हर वर्ग को लाभ अवश्य मिला है। कोई भी वर्ग भाजपा की जनहितैषी योजनाओं से अछूता नही रहा। हम सभी को आमजनों विशेष कर युवाओं के बीच पहुंचकर भाजपा सरकार के द्वारा किये गये कार्यो को रख मोदी जी इस बार के 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने फिर इस बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है।



विधायक श्री राय के साथ इस जनसंपर्क अभियान में सर्वश्री युवराज सिंह राहंगडाले जिलाध्यक्ष भाजयुमो, श्याम मिलन पांडे , सुमित राय मंडल अध्यक्ष बंडोल, दिलीप सनोडिया मंडल अध्यक्ष मुंगवानी, अनिल बघेल मंडल अध्यक्ष लखनवाड़ा, रामजी चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष करकोटी, अमित पांडे भाजयुमो विधानसभा प्रभारी, नितेंद्र गुड्डू बघेल पूर्व मंडल अध्यक्ष, सुरेश सनोडिया, राम वर्मा, नितिन निक्की साहू मंडल अध्यक्ष भाजयुमो बंडोल, श्रीकांत बघेल मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मुंगवानी, मनीष बघेल, निरंजन मिश्रा, बसंत बघेल, जस्सू बघेल, विनय बघेल, योगेन्द्र जैन महामंत्री, कृष्णा पटेल, जयदीप ठाकुर मंडल प्रभारी, तुलेश डहरवाल, श्रीमती रुकमणी सनोडिया, लोकपाल बघेल, रवि बघेल, राकेश बघेल, राजू राय सरपंच, धर्मेंद्र बरमैया, राजकुमार धुर्वे, रामकुमार यादव सरपंच, अशोक पांडे, शैलेश साहू , सेवत पटेल, डा राजेन्द्र राय, महेश जंघेला, सोनू साहू सरपंच, पप्पू राय, लक्ष्मी चंद्रवंशी,सहित बड़ी सं या में भाजपा के कार्यकर्त्ता एवं आमजन उपस्थित रहे ।

# सिवनी के हक पर डाका डालवाने वालो को कैसे दिखेगा विकास ? - पंकज बिसेन

सिवनी यशो :- एक वह समय था जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी और पड़ोसी जिले के सांसद केन्द्र में कद्दावर मंत्री थे तब सिवनी जिले से सब कुछ छीना जा रहा था और उस दौरान अपने आका के सामने सिवनी का हक मांगने की किसी कांग्रेसी में हि मत भी नहीं थी और इसकी साक्षी सिवनी जिले की संपूर्ण जनता और विश्वसनीय सूचना तंत्र है । केन्द्र में भाजपा की सरकार बनते ही विकास की सारी रूकावटें दूर हो गयी और आज जिला विकास की पटरी पर दौड़ रहा है । यह सब जनता देख रही है और मान रही है किंतु जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना यह सब देखते हुये भी राजनैतिक मजबूरियों के कारण आँख में पट्टी चढ़ाये हुये है और भ्रामक बयानबाजी कर रहे है ।

**जनता गवाह है कांग्रेस ने फोरलेन छीनने का प्रयास किया, सांसद बिसेन के प्रयास से एशिया सबसे बड़ा लाई ओवर बना**

उक्ताशय की प्रतिक्रिया भाजपा नेता पंकज बिसेन ने श्री खुराना के नाकारा जनप्रतिनिधियों वाले बयान पर व्यक्त करते हुये कहा कि सांसद डां. ढालसिंह बिसेन ने वर्ष 2019 में लोकसभा का चुनाव लड़ते समय लोकसभा क्षेत्र की जनता को साक्षी मानकर जो संकल्प पत्र जारी किया था उसमें अधोसंरचना विकास के जो संकल्प थे उससे कहीं अधिक उपलब्धियाँ सिवनी एवं बालाघाट जिले को दी है । सांसद का चुनाव जीतने के बाद डां. बिसेन ने सबसे पहले कांग्रेस द्वारा फोरलेन के मोहगांव से कुरई के भाग में लगायी गयी अड़ंगेबाजी को न केवल दूर किया बल्कि मोदी सरकार एशिया का सबसे सुंदर, सबसे लंबा, साउंड प्रुफ लाईओवर स्वीकृत कराया । आज इसी लाई ओवर से नागपुर का सफर दो सवा दो घंटे में तय हो रहा है । आज इस लाई ओवर की कांग्रेस के बड़े बड़े नेता भी तारीफ कर रहे है । डां. बिसेन ने जिले की जनता के मांग अनुरूप नगझर से खैरीटेक 13.30 किलोमीटर फोरलेन मार्ग जिसमें नागपुर रोड रेल्वे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज भी शामिल है उसे स्वीकृत कराया जिसका कार्य प्रारंभ हो चुका है ।



अब यह कांग्रेस अध्यक्ष को न दिखे तो यह उनकी आंखो का दोष है ।

**कांग्रेस ने ब्राडगेज के प्रति उदासीन रही कांग्रेस, डाँ बिसेन ने किया ऐतिहासिक काम**

श्री बिसेन ने कहा कि नेरोगेज से ब्राडगेज अमान परिवर्तन की घोषणा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय नरसि हाराव द्वारा की गयी थी । वर्ष 2004 से 2014 तक केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रही किंतु उसने कोई सुध नहीं ली जब केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी तब 2015 में जबलपुर - बालाघाट और छिंदवाड़ा - नैनपुर अमान परिवर्तन की आधारशिला रखी गयी । सांसद बनने के बाद डाँ. बिसेन ने अमान परिवर्तन कार्य पर पहला फोकस किया और डीपीआर में संशोधन कराकर दो के स्थान पर चार प्लेटफार्म, पूर्व स्वीकृत बिल्डिंग में यात्री सुविधा का विस्तार तथा शहर की ओर आधुनिक सुविधाओंयुक्त एक अतिरिक्त भवन भी स्वीकृत कराया जिसका कार्य आज प्रगति पर है । पुरानी बिल्डिंग को अमृत भारत योजना में शामिल कराया जिसमें करीब 13 करोड़ से यात्री सुविधाओं हेतु विस्तारीकरण तथा आधुनिकीकरण का कार्य जारी है । डां. बिसेन के द्वारा दिलाई गयी चार प्लेटफार्म की स्वीकृति के कारण ही आज ऐ सप्रेस ट्रेनों का आवागमन जारी है । कांग्रेस के शासनकाल में सिवनी से छिंदवाड़ा को कुछ न कुछ छीनने की आदत थी । इस मिथक को डां. बिसेन ने तोड़ा और छिंदवाड़ा जिले के भंडारकुंड तक चलने वाली पेंचव्हेली ऐ सप्रेस की दिशा सिवनी कर दी । इसी तरह पातालकोट ऐ सप्रेस को भी सिवनी लेकर आये । रीवा इतवारी व्हया सिवनी एवं इतवारी शहडोल ऐ सप्रेस व्हया सिवनी की सौगात भी डाँ. बिसेन के प्रयासों का नतीजा है । डां. बिसेन ने सिवनी तिरोड़ी रेल लाईन का सर्वे कराया इस लाईन के निकट भविष्य में बजट में शामिल होने की संभावना है । सिवनी रेल्वे स्टेशन में रैंक पाईंट भी डाँ. बिसेन के कार्यकाल की बड़ी सौगात के रूप में है । बरघाट रोड से कटंगी रोड के बीच चौड़ी सर्विस रोड का निर्माण भी कराया जो सीधे नागपुर रोड को जोडता है । अब यह सब कांग्रेस नेता देखना ही नहीं चाहते तो उसके लिये कोई` या कर सकता है ।


शेष समाचार पृष्ठ 3 पर




# सनातनी हिंदुओं को आक्रांताओं से बचाने हेतु अवतरित हुए भगवान झूलेलाल.

## भगवान झूलेलाल आज भी सिंधी समाज के एकजुटता, ताकत और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र हैं। सिंधी समुदाय को भगवान राम के वंशज के रूप में माना जाता है।

**प्रहलाद सबनानी.**

भारत के प्राचीन काल में सिंध प्रांत को भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता था` योंकि सिंध प्रांत को पार करते हुए ही भारत में दिल्ली तथा अन्य राज्यों तक पहुंचा जा सकता था। सिंध का कराची बंदरगाह भारत के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में से एक था` योंकि कराची बंदरगाह के माध्यम से भारत से कृषि पदार्थों आदि का निर्यात किया जाता था। सिंध के निवासी कई कई महीनों तक लगातार जलयान एवं नौकाओं के माध्यम से भ्रमण करते हुए अन्य देशों के साथ विदेशी व्यापार करते थे। सिंध प्रांत की बहिने अपने भाईयों, पिता एवं पति को बिदा करने समुद्र (दरयाह शाह) के किनारे आती थी और अपने स बंधियों के कुशलता पूर्वक विदेश से वापिस आने की जल देवता को प्रार्थना करती थीं। कुल मिलाकर सिंध प्रांत उस खंडकाल में अति विकसित अवस्था में गिना जाने वाला राज्य था। परंतु, 700 ईसवी आते आते शायद सिंध प्रांत को जैसे किसी की नजर लग गई और सिंध में मोह मद बिन कासिम ने सिंध प्रांत के राजा श्री दाहिर सेन को 712 ईसवी में विश्वासघात करके युद्ध में मार दिया। इस प्रकार, श्री दहिर सेन जी सिंध प्रांत के अंतिम हिंदू शासक सिद्ध हुए।

712 ईसवी के बाद अल हिलाज के खलीफा ने सिंध प्रांत को अपने राज्य में शामिल कर लिया और सिंध प्रांत पर खलीफा के प्रतिनिधियों द्वारा शासन किया जाने लगा। इसके बाद तो सिंध के सनातनी हिंदूओं पर जैसे दुखों का पहाड़ ही टूट पड़ा` योंकि इस्लामिक आक्रमणकारियों द्वारा पूरे क्षेत्र में तलवार की नोंक पर हिंदुओं का धर्मांतरण कराया जाने लगा और इस्लाम को इस क्षेत्र में फैलाया जाने गया।

उस खंडकाल में सिंध राज्य की राजधानी थट्टा नामक नगर थी। इस नगर की अपनी एक अलग पहचान और अपना एक अलग प्रभाव था। इस क्षेत्र का शासक मिरखशाह न केवल अत्याचारी और दुराचारी था बल्कि एक कट्टर इस्लामिक आक्रमणकारी राजा था। मिरखशाह ने इस क्षेत्र में इस्लाम को फैलाने के लिए अनेक आक्रमण किए एवं नरसंहार किया। मिरखशाह के सलाहकारों और मित्रों ने उसे सलाह दी कि इस क्षेत्र में जितना अधिक इस्लाम को फैलाओगे उतने अधिक समय के लिए आपको मौत के बाद जन्नत अथवा सर्वोच्च आनंद की प्राप्ति होगी। सलाहकारों की इस सलाह के बाद मिरखशाह ने हिंदुओं के ÷पंच प्रतिनिधियों÷ को अपने पास बुलाया और उन्हें आदेश दिया कि आप सभी हिंदू लोग इस्लाम ग्रहण कर लो अथवा मरने के लिए तैयार हो जाओ। हिंदुओं के पंच प्रतिनिधियों ने मिरखशाह की इस सलाह पर विचार करने के लिए कुछ समय मांगा और मिरखशाह ने उन्हें 40 दिन का समय दे दिया।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जब मनुष्य के लिए सारे दरवाजे बंद हो जाते हैं तो वह प्रभु परमात्मा की शरण में जाने लगता है। इस मामले में भी कुछ ऐसा ही हुआ और अपने सामने मौत और धर्म पर संकट को देखते हुए सिंधी हिंदुओं ने जल के देवता वरुण देव की ओर रूख किया। चालीस दिनों तक हिंदुओं ने तपस्या



की। इस बीच न तो उन्होंने अपने बाल कटवाए और ना ही कपड़े बदले और ना ही भोजन किया। इन 40 दिनों तक कठिन उपवास करते हुए केवल ईश्वर की स्तुति और प्रार्थना कर प्रभु परमात्मा से रक्षा की उ मीद लिए नदी के किनारे बैठे रहे। 40वें दिन स्वर्ग से एक आवाज आई, जिसमें कहा गया कि ÷आप लोग डरो मत, मैं तु हें आक्रांताओं की बुरी नजर से बचाऊंगा। मैं एक नश्वर के रूप में इस पृथ्वी पर आऊंगा और माता देवकी के गर्भ से इस धरा पर जन्म लूंगा। यह सुनकर सिंधी समाज के सनातनी हिंदुओं ने मिरख शाह से जाकर अपने ईश्वर के आने तक रुकने की प्रार्थना की। जिसके बाद मिरख शाह ने इसे अपने अहंकार के रूप में देखा और ÷भगवान÷ से भी लड़ने की चाह में उसने हिंदुओं को कुछ दिन का और समय दे दिया। तीन माह बाद आसू माह (आषाढ़) के दूसरे तिथि में माता देवकी ने गर्भ में शिशु होने की पुष्टि की। इसके बाद पूरे हिन्दू समाज ने जल देवता की प्रार्थना कर अभिवादन किया। चैत्र माह के शु ल पक्ष द्वितीया के दिन आकाश से बेमौसम मूसलाधार बारिश हुई और माता देवकी ने एक चमत्कारी शिशु को जन्म दिया। भगवान झूलेलाल के जन्म लेते ही उनके मुख को जब खोला गया तो उसमें सिंदु नदी के बहने का दृश्य दिखाई दिया। पूरे हिंदू समुदाय द्वारा बच्चे के जन्म लेते ही गीतों और नृत्यों के साथ उसका स्वागत किया गया। झूलेलाल जी का नाम बचपन में उदयचंद रखा गया। उदयचंद को उडेरोलाल भी कहा जाने लगा। नसरपुर के लोगो प्यार से झूलेलाल को अमरलाल भी कहते थे। जिस पालने में झूलेलाल रहते थे वह अपने आप ही झूलने लगता था, जिसके बाद ही उन्हें झूलेलाल कहा जाने लगा और इसी नाम से वे लोकप्रिय हो गए।

इधर काफी समय बीत जाने के बाद मिरखशाह के ऊपर मौलवियों द्वारा एक बार पुनः हिंदुओं को इस्लाम में लाने हेतु दबाव डाला जाने लगा तो मिरख शाह ने काफिरों (सनातनी हिंदुओं) को इस्लाम धर्म अपनाने का आदेश दे दिया। साथ ही, मौलवियों की बात और अपने इस्लामिक अहंकार में मिरखशाह ने उडेरोलाल से खुद मिलने का फैसला किया। मिरखशाह ने अहिरियो नामक व्यक्ति को उडेरोलाल से मिलने की व्यवस्था करने को कहा। अहिरियो, जो स्वयं इस बीच जलदेवता का भक्त बन चुका था, सिंधु नदी के तट पर गया और जल देवता से अपने बचाव में विनती करने लगा। पहिले, अहीरियो ने एक बूढ़े आदमी को सफेद दाढ़ी में देखा, जो एक मछली पर तैर रहा था। अहिरियो का सिर आराधना में झुका और उन्होंने समझा कि जल देवता उडेरोलाल ही है। फिर, कुछ पल में ही अहिरियो ने एक घोड़े पर उडेरोलाल को छलांग लगाते हुए देखा और और उडेरोलाल एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में एक झंडा लिए हुए निकल गए।

अहिरियो, मिरखशाह को जब उडेरोलाल के सामने लाया तो भगवान झूलेलाल (उडेरोलाल) ने उन्हें ईश्वर का मतलब समझाया। लेकिन कट्टरपंथी मौलवियों की बातें और इस्लामिक कट्टरपंथ लिए बैठे मिरखशाह ने उन सभी बातों को अनदेखा कर अपने सैनिकों से भगवान झूलेलाल को गिर तार करने का आदेश दे दिया। जैसे ही, सैनिक आगे बढ़े वैसे ही पानी की बड़ी बड़ी लहरें आंगन को चीरती हुई आगे आ गई। आग ने पूरे महल को घेर लिया और सब कुछ जलना शुरू हो गया। वहां से भागने के सभी मार्ग बंद हो गए। उडेरोलाल (भगवान झूलेलाल) ने फिर कहा कि जब तु हारे और मेरे भगवान एक हैं तो फिर सनातनी हिंदुओं को तुम` यों परेशान कर रहे हो? मिरखशाह यह सब देखकर घबरा गया और उसने भगवान झूलेलाल से विनती की कि मेरे भगवान, मुझे अपनी मूर्खता का एहसास हो गया है अतः आप कृपया मुझे और मेरे दरबारियों को बचा लीजिए। इसके बाद वहां पानी की बौछार आई और आग बुझ गई। मिरखशाह ने स मानपूर्वक भगवान झूलेलाल को नमन किया और हिंदुओं और मुसलमानों के साथ एक जैसा व्यवहार करने के लिए सहमत हुआ।

इसके बाद उडेरोलाल ने वहां उपस्थित सनातनी हिंदुओं से कहा कि वे उन्हें प्रकाश और पानी का अवतार समझें। उन्होंने एक मंदिर बनाने का आदेश देते हुए कहा कि इस मंदिर में हमेशा प्रकाश की लौ जलती रहनी चाहिए एवं पवित्र घूंट के लिए पानी उपलब्ध रहना चाहिए। यहीं उडेरोलाल ने अपने चचेरे भाई पगड़ को मंदिर का पहला ठाकुर (पुजारी) नियुक्त किया। भगवान झूलेलाल ने पगड़ को सात सिंबॉलिक वस्तुएं भी प्रदान कीं। इस प्रकार भगवान झूलेलाल ने पगड़ को मंदिरों के निर्माण और पवित्र कार्य को जारी रखने का भी संदेश दिया। साथ ही, यह भी कहा कि विकृत धर्माधता, घृणा, ऊंच-नीच और छुआछूत की दीवारे तोड़े और अपने हृदय में मेल-मिलाप, एकता, सहिष्णुता, भाईचारा और धर्म निरपेक्षता के दीप जलाओ। यह सारी सृष्टि एक है और हम सब एक परिवार हैं और सब जगह खुशहाली हो।

भगवान झूलेलाल ने अपने चमत्कारिक जन्म और जीवन से ना सिर्फ सिंधी हिंदुओं के जान की रक्षा की बल्कि हिन्दू धर्म को भी बचाये रखा। मिरखशाह जैसे ना जाने कितने इस्लामिक कट्टरपंथी आये और धर्मांतरण का खूनी खेल खेला लेकिन भगवान झूलेलाल की वजह से सिंध में एक दौर में यह नहीं हो पाया। भगवान झूलेलाल आज भी सिंधी समाज के एकजुटता, ताकत और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र हैं। सिंधी समुदाय को भगवान राम के वंशज के रूप में माना जाता है। महाभारत काल में जिस राजा जयद्रथ का उल्लेख है वो सिंधी समुदाय का था। सिंधी समुदाय चेटीचंड पर्व से ही नववर्ष प्रार भ करता है। चेटीचंड के अवसर पर सिंधी भाई अपार श्रद्धा के साथ झूलेलाल की शोभायात्रा निकालते हैं। इस दिन सूखोसेसी प्रसाद वितरित करते हैं। चेटीचंड के दिन सिंधी स्त्री-पुरुष तालाब या नदी के किनारे दीपक जला कर जल देवता की पूजा-अर्चना करते हैं।

आज भी सिंधी समाज पूरे विश्व में भगवान झूलेलाल जयंती बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाता है। हिंदू पञ्चाङ्ग के अनुसार झूलेलाल जयंती चैत्र मास की द्वितीया तिथि को मनाई जाती है। ऐसा माना जाता है कि झूलेलाल जी भगवान वरुणदेव के अवतार है। भगवान झूलेलाल की जयंती को सिंधी समाज चेटीचंड के रूप में मनाता है, जिसे सिंधी नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। चेटी-चंड हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन अर्थात चैत्र शु ल द्वितीया को मनाया जाता है। सिंधी समाज में मान्यता है कि जल से ही सभी सुखों और मंगलकामना की प्राप्ति होती है इसलिए इसका विशेष महत्व है।

# इंदौर में धूमधाम से मनी ईद, शहर काजी ने कहा- युवा नशे से दूर रहे

इंदौर। शहर में ईद का पर्व धूमधाम से मना। सुबह से मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में रौनक रही। इंदौर में मु य नमाज सदरबाजार ईदगाह में हुई। शहरकाजी डॉ.इशरत अली ने समाजजनों को नमाज अदा कराई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज के युवा नशे से दूर रहे, जो नशे की गिर त में है, उन्हें नशे से दूर रखने के लिए समाज को आगे आना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समय आ गया कि हम सभी एकजुट होकर मानव अधिकारों के लिए लड़े। देश में भाईचारा और सद्भाव कायम रहना चाहिए।सियासी चश्मा उतारकर भाईचारे की मिसाल देश में कायम हो। शहर काजी ने कहा कि समाज में छोटे-छोटे मसलों पर घर परिवार बिखर जाते है। छोटी बातें को लेकर पुलिस और अदालतों के चक्कर काटने पड़ते है। इन मसलों को हमें समाज में ही सुलझा लेना चाहिए। इससे समय और पैसे की बर्बादी नहीं होगी। अब तो अदालतें भी समाजो के सेंटर खोलने पर जोर दे रही है। मुस्लिम समाज ने भी सात सेंटर खोले है।



नमाज पढ़ने के बाद समाजजनों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। इस मौके पर राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अफसर भी मौजूद थे। कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम भी मंच पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जूते पहन रखे थे। समाजजनों ने जब उनका इस तरफ ध्यान दिलाया तो उन्होने जूते उतारे।

**45 साल पुरानी परंपरा निभाई**

शहर काजी को उनके निवास से अनिल सलवाड़िया शाही बग्घी में बैठाकर ईदगाह मैदान तक लाए। अनिल से पहले उनके पिता रामचंद्र सलवाड़िया यह काम करते थे। सलवाड़िया परिवार 45 सालों से यह परंपरा निभा रहा है। शहरकाजी ने नमाज से पहले सलवाड़िया परिवार की इस परंपरा का जिक्र भी किया।

**बाजारों में रही रौनक**

ईद की पूर्व संध्या पर शहर के बाजार भी गुलजार हो उठे। मुस्लिम समाज के लोगों ने रात को नए कपड़े, जूते व अन्य सामानों की खरीददरी की। देर रात तक शहर में दुकानें खुली रही। मुस्लिम क्षेत्रों में आकर्षक रोशनी की गई और वहां भी रात तक व्यंजनों की दुकानें खुली रही।

# मप्र के बड़े नेताओं का परिवार भी चुनावी मैदान में पोते से लेकर पत्नी तक पहुंच रहे जनता के बीच

भोपाल। मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में चुनाव हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा चर्चा छिंदवाड़ा, राजगढ़, विदिशा और गुना सीटों की है,` योंकि इन हाईप्रोफाइल सीटों से दिग्गज नेता मैदान में हैं। इन नेताओं के लिए अब उनके कार्यकर्ताओं के साथ ही परिजनों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। छिंदवाड़ा सीट से पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे और सांसद नकुलनाथ, विदिशा सीट पर 20 साल बाद पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, राजगढ़ सीट पर करीब 30 साल बाद पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और गुना सीट पर 2019 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव हारने के बाद अब भाजपा की तरफ से ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें कोई नेता अपनी साख बचाने तो कोई रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कराने के लिए लगातार मेहनत कर रहा है।



**राजगढ़ में पत्नी, बेटा और पोता मांग रहा वोट**

कांग्रेस ने राजगढ़ से पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले 1991 में उन्होंने राजगढ़ से लोकसभा का आखिरी चुनाव लड़ा था। इसके बाद अब फिर दिग्विजय सिंह राजगढ़ से मैदान में है। उनका मुकाबला भाजपा सांसद रोडमल नागर से है। केंद्र की योजनाओं और मोदी के नाम पर नागर के चुनाव लड़ने के कारण दिग्विजय सिंह के लिए चुनौती है। उनके बेटे जयवर्धन सिंह विधानसभा का चुनाव 4500 वोटों से जीते हैं। इसी संसदीय क्षेत्र की चाचौड़ा सीट पर उनके भाई लक्ष्मण सिंह विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। अब उनकी पत्नी अमृता सिंह और बेटा जयवर्धन सिंह उनके लिए वोट मांग रहे हैं। साथ ही उनका 10 साल का पोता भी दादा को वोट देने की अपील कर रहा है।

**गुना में प्रियदर्शिनी राजे और महाआर्यमन जुटे प्रचार में**

गुना सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद केपी यादव का टिकट काटकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने भी यहां पर यादव कार्ड चलकर यादवेंद्र सिंह यादव पर दांव लगाया है। 2019 में सिंधिया कांग्रेस के टिकट पर गुना संसदीय क्षेत्र से केपी यादव से चुनाव हार गए थे। 2020 में कांग्रेस छोड़ कर वे भाजपा में शामिल हो गए थे। उनको भाजपा ने केंद्रीय मंत्री बनाने के साथ ही अब गुना से प्रत्याशी बनाया है। सिंधिया के लिए उनकी पत्नी महारानी प्रियदर्शिनी राजे और बेटा महाआर्यमन ने प्रचार का मोर्चा संभाला हुआ है। वे क्षेत्र में लगातार सभाओं में भाग ले रहे हैं और जनता से मिल रहे हैं।

**छिंदवाड़ा में नाथ परिवार भी उतरा मैदान में**

छिंदवाड़ा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे और मौजूदा सांसद नकुलनाथ को फिर प्रत्याशी बनाया है। यहां पर भाजपा ने बंटी साहू पर दांव लगाया है। इस बार कमलनाथ के करीबियों के भाजपा में शामिल होने मुश्किलें बढ़ गई हैं। ऐसे में नकुलनाथ के लिए उनके पिता कमलनाथ, माता और पत्नी भी मैदान में उतर गई हैं। पूरा परिवार जनता के बीच पहुंच रहा है। पूर्व सीएम कमलनाथ जनता से भावनात्मक अपील कर रहे हैं। इस बार का चुनाव कमलनाथ की प्रतिष्ठा का प्रश्न है। भाजपा ने उनके गढ़ को भेदने में पूरी जान फूंक दी है।

**शिवराज के लिए पत्नी और बेटे उतरे**

विदिशा संसदीय सीट पर पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व सांसद प्रताप भानू शर्मा को टिकट दिया है। इस सीट से शिवराज पांच बार सांसद रहे हैं। यह सीट भाजपा का गढ़ रही है। अब इस सीट से रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के लिए शिवराज जोर लगा रहे हैं। उनके लिए उनकी पत्नी साधना सिंह और बेटे कार्तिकेय भी सक्रिय हैं। पूर्व सीएम लगातार क्षेत्र के दौरे कर रहे हैं।

# बेमौसम बारिश ने बिगाड़ी गेहूं की चमक, प्रति एकड़ 10 से 12 क्विंटल हुई पैदावार

**गेहूं खरीदी की मु य जानकारी**

- * अनुमानित खरीद - 80 एलएमटी
- * एमएसपी (2275 रुपये)+ बोनस (125 रुपये) = 2400/-क्विंटल
- * खरीद अनुमानित तिथि — 15 मार्च से 15 मई 2024 तक
- * अब तक पंजीकृत कुल किसान-1548794 पिछले वर्ष के पंजीकरण का 101.18%
- *आरएमएस 2024-25 के लिए कुल खरीद केंद्र - 3824
- * अब तक कुल गठित उपार्जन केन्द्र-3568।

**यह है मध्यप्रदेश सरकार का आदेश**

- * 30 प्रतिशत तक प्रभावित दानों वाले चमकहीन गेहूं को पूरे मध्य प्रदेश राज्य में बिना किसी मूल्य कटौती के खरीदा जाएगा।
- * इस प्रकार खरीदे गए गेहूं को अलग से ढेर करके रखा जाएगा और उसका हिसाब रखा जाएगा।
- * भंडारण के दौरान शिथिल मानदंडों के तहत खरीदे गए गेहूं के स्टॉक की गुणवत्ता में कोई भी गिरावट मध्य प्रदेश राज्य सरकार की पूरी जि मेदारी होगी।
- * खरीदे गए गेहूं के स्टॉक को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त किया जाएगा।
- * इस छूट के कारण होने वाले किसी भी वित्तीय या परिचालन संबंधी प्रभाव की जि मेदारी राज्य सरकार की होगी।

भोपाल। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश-ओले और आंधी से इस वर्ष किसानों को गेहूं की फसल में काफी नुकसान हुआ है। जहां किसानों द्वारा अलग-अलग वैरायटी का बीज बोकर गेहूं की फसल लगाई गई थी। उसमें उनको एवरेज के मुताबिक कम मात्रा में फसल की पैदावार हुई है। साथ ही मौसम की मार से गेहूं की चमक भी कम हुई है। हालांकि सरकार ने किसानों को राहत देते हुए निर्देश दिया है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण जिन किसानों के गेहूं की 30 फीसदी तक चमक कम हुई है उन किसानों का गेहूं उसी रेट पर खरीदा जाए। अब ऐसे में जिन किसानों की फसल थोड़ी भी खराब हुई है वे अपना गेहूं लेकर खरीदी केंद्रों में पहुंच रहे हैं।

किसानों के अनुसार पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष प्रति एकड़ गेहूं की फसल में 10 से 12 क्विंटल तक माल निकल रहा है, जबकि आम तौर पर 17 से 18 क्विंटल प्रति एकड़ से फसल की पैदावार होती थी। वहीं दूसरी तरफ बहुत जगहों पर गेहूं के दाने भी काफी पतले निकल रहे हैं। इसके अलावा किसानों की फसल में कचरा और खुसी, मिट्टी आदि भी सामने आ रही है।

**साफ कराने में भी लग रही लागत**

जिन किसानों की फसलें कट चुकी है, उनमें से बहुत से किसानों की फसलों में खुसी और कचरे के साथ-साथ मिट्टी भी आ रही है। जिसको साफ करने के लिए किसानों को पंखा और छन्ना लगाना पड़ रहा है।

**मौसम की मार से भी किसान चिंतित**

मौसम अपना रुख बार-बार बदल रहा है। इसके कारण किसान काफी चिंतित हैं। भारी बारिश होने से किसानों को खड़ी फसल को नुकसान ना हो इसके लिए कई किसान गीली फसल ही काटने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी तरफ जिन किसानों की फसल कट कर रखी हुई है, उन पर भी बारिश का खतरा मंडरा रहा है। इसके कारण किसान जितनी जल्दी हो सके अपनी फसल बेचने के लिए लगे हुए हैं। इससे किसी भी तरह से किसानों को भारी नुकसान ना उठाना पड़े और समय पर उनकी फसल कट कर बिक जाए।

**ओलावृष्टि और गेहूं खरीदी को लेकर सीएम के निर्देश**

गुरुवार को मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ओलावृष्टि को लेकर प्रशासन को निर्देश जारी कर किए गए हैं। किसी भी जिले में जनहानि, पशुहानि या किसी प्रकार का नुकसान होगा तो सरकार उसके प्रति गंभीर रहेगी। उसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए मुआवजा दिया जाएगा, प्रदेश सरकार इसके लिए कृत संकल्पित है। डॉ. यादव ने कहा कि गेहूं को कवर्ड परिसर में रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। 80त्न अनाज पहले से कवर्ड परिसर में है, लेकिन जो ओपन में है, उसको भी सुरक्षित करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने निर्देश जारी किए हैं। गेहूं की जो फसल आ रही है, उसकी चमक कमजोर थी। किसी कारण से उनको खरीदने में कठिनाई आ रही थी। वो निर्देश भी स्पष्ट हो गए हैं, किसान को किसी प्रकार का कष्ट न आने दें।

# जबलपुर सूखाग्रस्त घोषित, ट्यूबवेल बोरिंग मशीन देखते ही जप्त करने के आदेश

भोपाल। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के कले टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दीपक से सेना ने जबलपुर जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया है। पूरे जिले में, शहर और ग्रामीण सभी स्थानों पर ट्यूबवेल उत्खनन पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा ऐलान किया है कि आवश्यक का पड़ने पर प्राइवेट ट्यूबवेल को अधिग्रहित किया जा सकता है। पूरे जबलपुर जिले में ट्यूबवेल बोरिंग मशीन के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है और उन्हें देखते ही जप्त करने के आदेश दिए हैं।

**ट्यूबवेल बोरिंग मशीन देखते ही जप्त करने के आदेश**

जबलपुर कले टर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक से सेना ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। साथ ही जिले में निरंतर भू-जल स्तर की गिरावट को दृष्टिगत रखते हुये संपूर्ण जिले में ग्रामीण क्षेत्र के अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने जारी आदेश में कहा है कि जिले की सीमा क्षेत्र में सार्वजनिक सडकों से गुजरने वाली मशीनों को छोड़कर नलकूप या बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी की अनुमति के बिना न तो प्रवेश करेगी और न ही बिना अनुमति के कोई नया नलकूप खनन करेगी। प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीनें जो अवैद्य रुप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेंगी अथवा नलकूप खनन या बोरिंग का प्रयास कर रही मशीनों को जप्त कर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने का अधिकार होगा।

उन्होंने समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को उनके क्षेत्रांतर्गत इस निमित्त अपरिहार्य प्रकरणों के लिये व अन्य प्रयोजनों के लिये उचित जांच के पश्चात अनुज्ञा देने के लिये प्राधिकृत किया है।

## वोटर आई डी के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक दस्तावेज प्रस्तुत कर किया जा सकेगा मतदान

सिवनी यशोः- लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को संपूर्ण प्रदेश के साथ ही सिवनी जिले के 1407 मतदान केन्द्रों में मतदान होगा। पात्र मतदाता अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों में वोटर आईडी के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाकर मतदान कर सकेंगे।

12 दस्तावेज नि नानुसार है- आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटो युक्त पासबुक, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, स्मार्ट कार्ड (आरजीआई द्वारा जारी), सेवा पहचान पत्र, आधिकारिक पहचान पत्र तथा दिव्यांग युनिक आई डी कार्ड प्रस्तुत कर मतदान किया जा सकेगा।

## शराब पीकर प्रशिक्षण में उपस्थित हुए मतदान अधिकारी को किया निलंबित

बालाघाट । लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत गत दिवस बुधवार से मतदान अधिकारियों का जिले के विभिन्न स्थानों पर द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्य प्रार भ हुआ है। इस प्रशिक्षण में मतदान अधिकारी क्रमांक-1 के रूप में प्राथमिक विद्यालय बड़गांव संकुल शाउमावि दमोह के प्राथमिक शिक्षक आशीष डायरे को भी नियुक्त किया गया था। बुधवार को शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में प्रशिक्षण के दौरान श्री डायरे नशे की हालत में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। प्राथमिक शिक्षक का यह कृत्य जानबूझकर निर्वाचन जैसे- अति महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से न लेते हुए प्रशिक्षण में नशे की हालत में उपस्थित होकर अपने पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरतने पर सहायक आयुक्त श्री पीएन चतुर्वेदी ने उन्हें निलंबित किया है। उनका निलंबन मप्र सिविल सेवा (आचरण नियम, 1965 के नियम 3 तथा नियम 23 के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में आने के कारण मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# जिला अधिवक्ता संघ सिवनी के पदाधिकारियों व कार्यकरिणी सदस्यों पुनः मिला अधिवक्ता संघ सिवनी का प्रभार तदर्थ समिति हुई निरस्त

सिवनी यशोः- उच्च न्यायालय व्दारा सौ मोटो रिट पिटीशन क्रमांक 7295/ 23 में दिनाँक 20/3/2024 को आदेश पारित करते हुए *जिला अधिवक्ता संघ सिवनी* के निर्वाचित पदाधिकारियो व सदस्यों जिसमें अध्यक्ष रविकुमार गोल्हानी, शिशुपाल यादव उपाध्यक्ष, रितेश आहूजा सचिव, मनोज हरिनखेड़े सहसचिव, नवलकिशोर सोनी कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य एड.ऋषभ जैन, सत्येंद्र सिंह ठाकुर, अशरफ खान, प्रवीण सिंह चौहान, विपुल बघेल को भंग कर दिया गया था ।

ज्ञातव्य हो कि जिला अधिवक्ता संघ सिवनी की आम सभा व्दारा जिला न्यायालय सिवनी के स्थान परिवर्तन के विरोध में अधिवक्तागणों व्दारा आम सभा में यह निर्णय पारित किया गया कि संघ के समस्त अधिवक्तागण दिनाँक 18 मार्च से 20 मार्च 2024 तक समस्त न्यायालीन कार्यो से विरत रहेंगे । इस दौरान नोटरी, अधिवक्ता लिपिक भी कार्य नही करेंगे । इस बात को संज्ञान लेते हुए राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर मध्यप्रदेश व्दारा पत्र क्रमांक एस बी सी /एम पी/ मान्यता /927/24 दिनाँक 19 मार्च 2024 को अपने पत्र यह कहा गया की जिला अधिवक्ता संघ सिवनी की वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करते हुए सभी महत्वपूर्ण कार्यो के सुचारू रूप से संचालन के लिए तदर्थ समिति को गठित कर कार्यकारिणी के समस्त अधिकार जिसमें वित्तीय अधिकार भी शामिल है की दिए जाते है तदर्थ समिति तत्काल नवीन चुनाव कराये । किसी कारण वश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर मध्यप्रदेश व्दारा एक ओर पत्र जारी किया गया जो पत्र क्रमांक एस बी सी /एम पी/ मान्यता /1034/24 दिनाँक 01 अप्रैल 2024 को अपने पत्र यह कहा गया की पूर्व में बनाई गई तदर्थ समिति को तत्काल निरस्त कर नवीन तदर्थ समिति गठित की जाती है सभी महत्वपूर्ण कार्यो के सुचारू रूप से संचालन के लिए तदर्थ समिति को गठित कर कार्यकारिणी के समस्त अधिकार जिसमें वित्तीय अधिकार भी शामिल है की दिए जाते है तदर्थ समिति तत्काल नवीन चुनाव कराये । ज्ञातव्य हो कि सुप्रीम कोर्ट से *जिला अधिवक्ता संघ सिवनी* के निर्वाचित पदाधिकारियो व सदस्यों जिसमें अध्यक्ष रविकुमार गोल्हानी, शिशुपाल यादव उपाध्यक्ष, रितेश आहूजा सचिव, मनोज हरिनखेड़े सहसचिव, नवलकिशोर सोनी कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य एड.ऋषभ जैन, सत्येंद्र सिंह ठाकुर, अशरफ खान, विपुल बघेल, प्रवीण सिंह चौहान, दसों पदाधिकारीयो को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के मु य न्यायाधिपति के व्दारा पारित दिनाँक 20/3/2024 के आदेश पर स्टे मिल जाने के बाद अब वहां किसी वही न्यायालय में पैरवी कर सकते है । स्टेट बार एवं जिला बार एशोसिएशन के चुनाव लड़ने के लिए पात्र है । आज दिनाँक 12/04/2024 को राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर मध्यप्रदेश व्दारा पुनः एक पत्र जिला अधिवक्ता संघ सिवनी को जारी किया गया जिसमें तदर्थ समिति को निरस्त करते हुए निवार्चित पदाधिकारी व सद्स्यों को पुनः प्रभार सौपने के लिए कहा गया ।

## शव वाहन उपलब्ध कराने हेतु उठाई गई मांग

### सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत

छपारा यशोः- बीते दो वर्ष पूर्व छपारा को नगर परिषद का दर्जा प्राप्त हुआ है जिसमें छपारा सहित छपारा कला एवं तिनसा पंचायत को स मिलित किया गया है,

छपारा मु यालय में एकमात्र मुक्तिधाम है जिसमें संपूर्ण छपारा नगर मु यालय के नगर वासियों द्वारा मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया जाता है किंतु मुक्तिधाम से छपारा मु यालय सहित अनेक क्षेत्र की दूरी इतनी अधिक है कि शव वाहन न होने से नगर वासियों को अंत्येष्टि कार्यक्रम के लिए भी अत्यधिक पीड़ा उठानी पड़ती है।

वहीं दूसरी ओर छपारा कला छपारा खुर्द एवं देवरी ग्राम के नगर परिषद निवासी अपने ग्राम क्षेत्र में मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार वैनगंगा नदी के तट पर छपारा खुर्द स्थित मोक्ष धाम में करते हैं किंतु शव वाहन की अनुपलब्धता के कारण क्षेत्र वासियों को अंत्येष्टि कार्यक्रम के लिए तीन-चार किलोमीटर से भी अधिक दूरी का फासला तय करना पड़ता है। जबकि नगर परिषद नगर पालिका क्षेत्र में ऐसे तो शव वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने का प्रावधान है किंतु नगर परिषद में बैठे जनप्रतिनिधि अपने अधिकार और कर्तव्य को भूल चुके हैं और उन्हें नगरवासियों की कोई सुध नहीं है ।

जिसके चलते क्षेत्रिय नागरिक आनंद नारायण तिवारी अधिवक्ता के द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत क्रमांक 26756993 दर्ज करवाई गई है और इस जनसमस्या का शीघ्र ही निराकरण करने की अपेक्षा जिला प्रशासन से जताई गई है।

## मतदान दलों के प्रशिक्षण का कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया अवलोकन

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार 12 अप्रैल से प्रारंभ हुए मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण कार्यक्रम का उत्कृष्ट विद्यालय एवं पीजी कॉलेज पहुंचकर अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं के साथ-साथ डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर्मियों की मतदान की व्यवस्था का भी अवलोकन किया।

# बरघाट में धूमधाम से मनाया गया ईद का त्यौहार



बरघाट यशोः- गुरुवार को बरघाट क्षेत्र में ईद उल फितर का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है. मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह ईद की नमाज अदा किया और अमन चैन की दुआएं मांगी. बुधवार शाम से हो रही लगातार बारिश ने सुबह नमाज के दौरान भी खरल डाली. जिसके बाद बारिश के चलते ईदगाह की बजाय मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ी गई. नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ- आज ईद उल फितर त्योहार की धूम देखने को मिल रही है. मौसम के बिगड़ते मिजाज को देखते हुए ईदगाह के बदले मस्जिद में नमाज अदा की गई. नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी.

सभी समाज के लोगों ने दी ईद की मुबारकबाद- ईद के मुबारक मौके पर अन्य समाज के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दी. मस्जिद में नवाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने कब्रिस्तान में जाकर अपने बुजुर्गा ने दिन, जो कब्रिस्तान में आराम फरमा रहे हैं, उनके मजार पर फतिया पढ़कर खुदाबन करीम से उन्हें ब शने के साथ ही जन्नत में जगह तक आता फरमाने की दुआएं की .

**गले मिलकर दी बधाई -** सभी मुस्लिम भाईयो से गले मिलकर उन्हे ईद की मुबारक बाद दी। बरघाट के कार्यक्रम मे पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, नगर परिषद के पूर्व पार्षद सुरेंद्र जायसवाल, पूर्व पार्षद ऋषभ जायसवाल, पूर्व पार्षद अनिल ह्यद्दपाठक, पार्षद अभिलाष गोलू मालवीय, सुनील अवधवाल, अनुराग पंद्रे, राजेश लुधियाना सहित अन्य मौजूद रहे।

# बड़ी जामा मस्जिद ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में ईद उल फित्र की नमाज अदा किया

छपारा यशोः- 11 अप्रैल को ईद उल फित्र के मुबारक मौके पर सबा 10 बजे बड़ी जामा मस्जिद ईदगाह में हजरत हाफिज जाकिर हुसैन साहब रामपुरी ने ईद उल फित्र की नवाज पढ़ाया ईद की नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया हजारों की सं या में उपस्थित हुए बड़ी जामा मस्जिद ईदगाह में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ईद उल फित्र की नमाज में छपारा सहित दूरदराज के लोगों ने ईद उल फित्र की नमाज मैं शिरकत किया कई वर्षो से उत्तर प्रदेश रामपुर से हजरत हाफिज जाकिर हुसैन साहब रमजान के मुबारक महिने में तराबिया की नमाज



पढ़ने छपारा की बड़ी जामा मस्जिद में तशरीफ लाते हैं विगत दो वर्षो से हाफिज जाकिर हुसैन साहब किबला ईद उल फित्र की नमाज पढ़ रहे हैं। पूरे रमजान के महीने में उनके द्वारा की गई तराबिया की नवाज तकरीरें नातिया कलाम काबिले तारीफ है। इन्हीं सब वजह से बड़ी जामा मस्जिद कमेटी के लोग उन्हें हर साल रमजान के मुबारक मौके पर बुलवाते हैं ।

मौसम खराब होने की वजह से छोटी मस्जिद इमाम हजरत अल्लामा मौलाना शाकिर हुसैन अशर्फी नई मस्जिद हजरत मु ती मुनव्वर अली साहब औलिया जामा मस्जिद हजरत हाफिज ताहिर साहब और मदीना मस्जिद संजय कॉलोनी में हजरत नूर हाफिज साहब द्वारा ईद उल फित्र की नमाज पढ़ाई गई। नगर के गणमान्य नागरिकों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद दिया।

# आचार संहिता के 27 दिन में "सी-विजिल एप" पर उल्लंघन की मिली 2852 शिकायतें

**सभी शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण**

भोपाल। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुमप राजन ने बताया है कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 16 मार्च से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से ÷सी-विजिल एप÷ पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। आचार संहिता के 27 दिन यानी 16 मार्च से 11 अप्रैल तक सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की 2852 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है।

राजन ने बताया कि मु य रूप से सागर में 286, उज्जैन 232, ग्वालियर 179, मुरैना 172, राजगढ़ 160, रीवा 155, इंदौर 130, दमोह 120, सीहोर 118 और खरगौन जिले में 106 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। अन्य जिलों से भी इस प्रकार की शिकायत मिली हैं।

राजन ने प्रदेश के नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे ÷सी-विजिल एप÷ के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर ÷सी-विजिल एप÷ डाउनलोड करना होगा।

**100 मिनट के अंदर की जाएगी कार्रवाई**

राजन ने बताया कि नागरिक को आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो ÷सी-विजिल एप÷ पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए ÷सी-विजिल एप÷ तैयार किया गया है। इस एप के जरिए व्यक्ति राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से लाने-ले जाने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री चस्पा करने, लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकते हैं।

# हमारी आने वाली पीढ़ियां भी महात्मा ज्योतिबा फुले की ऋणी रहेगी - मोहन सिंह चंदेल

**महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई**

**केवल हमारे परिवार का भाव पोषण करने से ही हमारी जि मेदारी समाप्त नहीं हो जाती एड रवि गोल्हानी**

**हमें अपने लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा तब जाकर आर्थिक विषमता समाप्त होगी**



सिवनी यशोः- महान समाज सुधारक एवं सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती आज पिछड़ा वर्ग के नेता श्री मोहन सिंह चंदेल के निवास पर मनाई गई।

सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिबा फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात महात्मा ज्योतिबा फुले के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक एवं जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले हमारे देश के एक ऐसे समाज सुधारक हुए हैं जिन्होंने आज से डेढ़ सौ वर्ष पहले समाज में व्याप्त पाखंड एवं कुरीतियों से लड़कर एवं उनके संबंध में लोगों को जागृत कर समाज में एक नई चेतना पैदा की। उन्होंने डेढ़ सौ वर्ष पहले इस बात को प्रतिपादित कर दिया था कि शूद्रों एवं अति शूद्रों की दुर्दशा का कारण अशिक्षा है। और इसी अशिक्षा के अंधकार को दूर करने हेतु उन्होंने बीड़ा उठाया और अपनी पत्नी को शिक्षित कर देश की पहली महिला शिक्षक बनाकर महिलाओं की शिक्षा के द्वार खोलें। उन्होंने महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाने एवं विधवा विवाह को प्रोत्साहित किया। डो टर अंबेडकर भी उन्हें अपना गुरु मानते थे।

चंदेल ने कहा कि हम और हमारे आने वाली पीढ़ियां महात्मा फुले जी की आजीवन ऋणी रहेंगी।जिन्होंने कि उस समय की पाखंडी ताकतों से लड़कर हमारे आदिवासी दलित एवं पिछड़े वर्ग के भाइयों के लिए शिक्षा के द्वार खोलें।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में पधारे जिला अभिभाषक संघ शिवनी के अध्यक्ष श्री रवि गोल्हानी ने कहा कि समाज में आर्थिक विषमता के कारण समाज का उत्थान नहीं हो पा रहा है। श्री गोलानी ने कहा कि केवल अपने परिवार का भरण पोषण करने से ही हमारी जि मेदारी समाप्त नहीं हो जाती है हम सभी लोगों को चाहिए कि हम भी अपनी आय का कुछ अंश अपने ऐसे भाइयों के कल्याण में खर्च करें जो वंचित रह गए हैं। यही हमारी ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन हेतु श्री मोहन चंदेल को साधु वाद दिया। पिछड़ा वर्ग के जिला संयोजक एवं सत्यशोधक समाज जिला सिवनी के अध्यक्ष श्री लोकेश साहू ने कहा कि हमें अपने लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा तब जाकर आर्थिक विषमता दूर होगी। उन्होंने इस दिशा में अपने द्वारा किए जा रहे प्रयास से भी उपस्थित समस्त सदस्यों को अवगत कराया। साथ ही अपनी सेवानिवृत्ति के उपरांत की योजना पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती आशा मोहन चंदेल पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष श्री विनोद यादव किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव श्री हुकुमचंद सनोदिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष श्री रमेश कुमार सनोदिया एवं एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष श्री धनंजय सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मरार समाज के नेता एवम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री मोतीराम कांवरी एडवोकेट श्रीमोहन लाल सनोदिया सेवानिवृत शिक्षक श्री शंकर लाल डहरिया वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्री गेंद लाल भलावी सेवानिवृत शिक्षक श्री यशपाल भलावी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल छपारा की शक्ति केन्द्र स्तरीय बैठक स पन्न



छपारा यशोः- भारतीय जनता पार्टी मंडल छपारा द्वारा मोदी जी के नेतृत्व मे %अबकी बार 400 पार% के संकल्प को साकार करने के निमित्त शक्ति केन्द्र स्तरीय बैठक स पन्न हुई।सोशल मीडिया संयोजक विकास सैयाम द्वारा बताया गया की भाजपा मंडल छपारा के बिहिरिया,भीमगढ व गंगई रैयत(कालोनी) शक्ति केन्द्र के अंतर्गत आने वाले समस्त बूथो की शक्ति केन्द्र स्तरीय बैठक पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक श्री राकेश पाल सिंह जी की उपस्थिति में स पन्न हुई पूर्व विधायक द्वारा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढाने के लक्ष्य को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अल्पसं यक मोर्चा श्री शाहिद खान जी,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री पंकज जोलदेव जी,मंडल महामंत्री श्री नीरज दुबे जी,मंडल उपाध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह जी,श्री स्वर्णिम साहू जी,श्री बंटी अवधिया जी,श्री अनिस खान जी,श्री जावेद रजा जी,श्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव जी,श्री चीनू अग्रवाल जी,श्री बगरसिह डेहरिया जी,श्री चूरामन जावरे जी,श्री विनोद यादव जी,श्री अमरचंद चंद्रवंशी जी,श्री विकास सैयाम जी,श्री राहुल वैश्य जी,श्री संजय टेकाम जी,श्री अमन पटेल जी,व समस्त बूथो के अध्यक्ष,महामंत्री,बीएलए2 व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे

# भाजपा की कथनी और करनी में हमेशा अन्तर रहा है- सम्राट अशोक सिंह सरस्वार



सिवनी यशोः- इंडिया गठबंधन कांग्रेस का उ मीदवार सम्राट अशोक सिंह सरस्वार ने जिला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में पत्रकार वार्ता की। वार्ता में उन्होंने बताया कि भाजपा की कथनी और करनी में हमेशा अन्तर रहा है, चुनाव के भाजपा द्वारा बड़े-बड़े वादे किये जाते है जैसा कि अभी विधानसभा चुनाव में 3100 रू. प्रति क्विंटल धान, 2700 रू. प्रति क्विंटल गेहूँ खरीदी किये जाने, 450 रू. प्रति गैस सिलेंडर, 3000 रू. लाड़ली बहना को प्रति माह राशि दिये जाने की घोषणा की गई थी लेकिन चुनाव के बाद सिर्फ घोषणा ही रह गयी। सिवनी में रोजगार के साधन नही है जिस तरह महाराष्ट्र में इंडस्ट्रीयल ऐरिये है वैसा ही आवश्यकता है सिवनी में बड़े उद्योग स्थापित हो, बालाघाट-सिवनी खनिज और वनस पदा से परिपूर्ण है। यहा पर आवश्यकता है कि उसका सही उपयोग करने की, इन जिलो से लाखो श्रमिक काम की तलाश में पलायन कर जाते है उसे रोका जा सकें। शिक्षित बे-रोजगारों को रोजगार दिया जा सकें। उच्च शिक्षा के लिए हमारे जिले के बच्चे बाहर शहरो में बढ़ने जाते है गरीब परिवार के बच्चे उच्च शिक्षा नहीं ले पाते। उच्च शिक्षण संस्थाए जिले में खुलनी चाहिये। सिवनी बालाघाट प्राकृतिक सुन्दरता के कारण पर्यटन के केन्द्र बन सकते है पेंच और कान्हा के अलावा और भी स्थानों को पर्यटन का केन्द्र बनाया जा सकता है।

पेंच योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है उसकी स्पष्ट जॉच होना आवश्यक है, शासकीय चिकित्सालयों में विशेषज्ञ डो टरो और जॉच उपकरणों की कमी के चलते ईलाज के लिए लोगो को नागपुर, जबलपुर अन्य शहरो में जाना पड़ता है चिकित्सालयों में विशेषज्ञ डो टरो और जॉच उपकरणों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता होनी चाहिये। जिले में फूडप्रोसेसिंग यूनिट लगाकर कृषि आधारित उद्योगो को बढ़ावा दिया जायेगा।

कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करती है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में गारंटी पत्र जारी किया है हर शिक्षित युवा को 1 लाख रू. का वेतन, पक्की नौकरी, हर गरीब परिवार की महिला को 1 लाख रू. प्रति वर्ष, किसानों की कर्ज माफी और एमएसपी कानून की गारंटी, श्रमिको को 400 रू. प्रति दिन के दर पर मजदूरी, सामाजिक व आर्थिक समानता के लिये हर वर्ग की जनगणना, देश में खाली 30 लाख सरकारी नौकरियों को भरा जायेगा, पेपर लीक रोकने के लिये नये कानून और नीतियॉ बनाई जायेगी। असंगठित मजदूरो के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा, मू य सरकारी कामो पर आउटसोर्सिंग सिस्टम बंद किया जायेगा। और भी ऐसी अनेक जनहित कारी योजनाओं को लागू की जायेंगी। बालाघाट सिवनी लोकसभा विकास के लिए कांग्रेस पार्टी को चुनिये, इस लोकसभा में ल बे समय से भाजपा के निर्वाचित सांसद है जिनकी निष्क्रियता के कारण इस क्षेत्र का विकास नही हो पाया।

## लगातार तीसरे दिन हवा तूफान के साथ आए पानी से जन जीवन अस्त व्यस्त-

छपारा यशोः- विगत तीन दिनों से दोपहर बाद हो रही बेमौसम बरसात से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ज्ञात हो कि आगामी ईद और वैवाहिक सीजन के चलते इस समय बाजार में जबरदस्त रौनक देखने में आ रही हैं किंतु लगातार तीसरे दिन भी मौसम में बदलाव लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है।

वही पिछले माह हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ साथ ही 8 अप्रैल से दोपहर बाद नगर सहित आसपास के क्षेत्र में तेज़ हवाओं के साथ बेमौसम बारिश से एक ओर मौसम में ठंडक आ गई और गर्मी से राहत मिली तो वहीं गर्मी के सीजन में होने वाली फसलों को लेकर हो रहे नुकसान से किसानों को चिंता का विषय बन गया है।

## पृष्ठ एक का समाचार

## सिवनी के हक पर डाका ----

**पासपोर्ट कार्यालय सहित अनेक सौगाते दिलाई सिवनी को**

भाजपा नेता पंकज बिसेन ने कहा कि बालाघाट सिवनी मात्र एक ऐसा संसदीय क्षेत्र है जहाँ के दोनों जिला मु यालय में पासपोर्ट कार्यालय है । यह उपलब्धि सांसद के प्रयासों की ही है । इसके अलावा कोहका से बंडोल 43 किलोमीटर लागत करीब 108 करोड़ कार्य प्रगतिरत । ग्राम भोंगाखेड़ा से छुआई - घोटी - जाम - रामगढ़ से चौरई तक लागत 89 करोड़ की सड़क जिसका काम जारी है । इन बड़ी एवं महत्वपूर्ण सड़को के अलावा कलारबांकी से कान्हीवाड़ा, सोनाडोंगरी से खमरिया सहित अन्य सड़क मार्ग भी हरहरपुर में बैनगंगा नदी पर पुल सहित ऐसे अनेक निर्माण कार्य है । बरघाट में केन्द्रीय विद्यालय भी स्वीकृत हो चुका है । बरघाट में भी केन्द्र की विभिन्न योजनाओं से सड़के एवं पुल स्वीकृत कराये गये है, जिनमें कुछ पूर्ण हो चुके है कुछ निर्माणाधीन है । यदि कोरोना काल को छोड़ दिया जाये तो मात्र साढ़े तीन साल में सांसद डां. बिसेन ने विकास की जो गाथा लिखी है वह कांग्रेस के शासन काल में कभी संभव ही नहीं थी । जिले के अधोसंरचना विकास में सांसद का जो योगदान है वह धरातल पर है और प्रमाणिक है । कांग्रेस अध्यक्ष से भाजपा के जनप्रतिनिधि को प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है ।

## बैगा बस्तियों में 19 अप्रैल के संदेश की गूंज

बालाघाट । कले टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में लोक सभा निर्वाचन अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान अपने चरम पर है। मतदान के शेष रहे



7 दिनों में स्वीप गतिविधियां जोर पर है। सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर मतदाताओं तक पहुँच कर मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहें है। खासकर उन बैगा बस्तियों में भी जागरूकता अभियान पहुँचा है जहां पहुँचना मुश्किल भी है। बैगा बस्तियों के विभिन्न मतदाताओं को चाहे वे मनरेगा मजदूर हो या अन्य कही पर कार्य पर है। उन तक संदेश प्रसारित करने के पूरे प्रयास जारी है। बैगा बस्तियों में जाकर मतदाताओ को जागरूक किया जा रहा है कि चाहे आप तक मतदाता पर्ची नही पहुँचे, फिर भी आप अपना पहचान पत्र ले जाकर, सूची में नाम देखकर मतदान कर सकते है। साथ यह भी बताया जा रहा है कि 19 अप्रैल को बैहर, परसवाड़ा और लांजी विधान सभा में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक मतदान का समय है। मतदाताओ को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई जा रही है।

## भाजपा सरकार भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है - श्रीकांत अग्रवाल

सिवनी यशोः- राजनीति के क्षेत्र मे कार्य करने की सार्थकता तभी है जब हम सत्ता के माध्यम से समाज के सबसे पिछड़े व्यक्ति को उसका लाभ दिला सकें। भाजपा का मानना है कि, सत्ता सिर्फ जनसेवा का साधन होती है । सच्ची जनसेवा ही जनप्रतिनिधी और सरकार का पुरूष्कार होती है। चिंता की बात है कि, कांग्रेस खतरनाक इरादों के सांथ इस चुनावी समर मे उतरी है। ये चुनाव एक ऐसी चुनौती है जिसमे जनता को अच्छे और बुरे को कसौटी पर कसना है। इस आशय की बात भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल द्वारा कही गई।

अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यों और भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा ने देशवासियों का विश्वास जीता है और आने वाले लोकसभा चुनाव में जन-जन का उत्साह इस बात को प्रदर्शित कर रहा है कि भाजपा प्रचंड जीत दर्ज करेगी।

अग्रवाल ने कहा कि, यदि संकल्प सत्य का हो तो चुनौतीपूर्ण और कठिन कार्यो को भी साधा जा सकता है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। राजनीति ना तो रिश्वत का धंधा है। ना ही भ्रष्टाचार का व्यवसाय है, और ना ही गुडागर्दी का लाईसेंस है। दुर्भाग्य से कांग्रेस ने राजनीति को अपना व्यवसाय बना लिया है जो, उसके लिए भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट और अराजकता का लाईसेंस है।

अग्रवाल ने कहा कि, जिनमे सच का सामना करने का साहस नही होता, वे बदनाम करने की साजिश करते हैं। कांग्रेस सत्ता को हमेशा अपना अधिकार मानती रही है। कांग्रेस ने लंबे अरसे तक सत्ता में रहते हुए देश की किसी भी समस्या के निदान के लिए कभी कोई उल्लेखनीय कार्य नही किया बल्कि, कांग्रेस देश के लिए समस्या के रूप मे स्थापित हो चुकी है।

अग्रवाल ने कहा कि, कांग्रेस अपने झूठे वादों और नारों से देश की जनता को छलते आई है। और आज अपना अस्तिव खोने की कगार पर पहुंच रही कांग्रेस षडयंत्रों का ताना बाना बुन रही है। इनके नेता श्री राहुल गांधी सत्ता के लिए समाज और देश को बांटने की घिनौनी राजनीति करते रहैं हैं।

अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा की विचारधारा और संकल्पों को साकार कर रहे हैं। गरीब कल्याण की योजनाओं के आधार पर हर गरीब की चिंता की जा रही है। आजादी के बाद वर्षों तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस ने गरीबी हटाने के नाम पर सिर्फ नारा दिया, लेकिन गरीबी नहीं हटाई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं के सहारे 27 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। ''सबका साथ, सबका विकास -सबके विश्वास और सबके प्रयासों के सपने को प्रधानमंत्री जी साकार कर रहे हैं। देश को भ्रष्टाचारमुक्त, परिवारवाद मुक्त भारत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति कर देश को हमेशा बांटने का काम किया है, जिसे प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने समाप्त कर दिया है।

## ग्रीष्म ऋतु के मौसम में धूप की तपन लू से रहें सावधान

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. सरोते ने बताया कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के दौरान बढ़ती धूप की तपन, लू से सावधानी एवं शरीर को मौसमी बीमारी से बचाव हेतु आमजन को कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

**ग्रीष्म ऋतु के दौरान या करें**

घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी अवश्य पियें, धूप में जाते समय सूती कपड़े पहनें और सिर और कान को सूती कपड़े से ढक्कर रखें। धूप में घूमने वाले व्यक्ति नमक शक्करयुक्त कोई तरल पदार्थ या ओ.आर.एस. घोल का अधिक सेवन करें। नीबूपानी, केरी का पना, शिकंजी या मठा अधिक से अधिक पिएं, भरपेट भोजन करके ही बाहर निकलें, हमेशा ताजा भोजन, फल और सब्जियाँ खायें। यथासंभव धूप में अधिक न निकलें।

**या न करें-** धूप में खाली पेट न निकलें शरीर में पानी की कमी न होने दें, बुखार में शरीर का तापमान न बढ़ने दें, ठंडे पानी की पट्टी रखें, कूलर या कंडीशनर से धूप में एकदम न निकलें, मिर्च मसालेयुक्त भोजन न करें, बासी भोजन न खायें।

**लू लगने पर-** व्यक्ति को फौरन छायादार जगह में लेटायें, ढीले कपड़े पहनें, पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल ओ.आर.एस., कच्चे आम का पना पिलायें एवं ताप घटाने के लिये व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार लें।

## नारायणगंज विकासखंड के ग्रामों में पहुंचा जागरूकता रथ

**15 ग्रामों में किया प्रचार-प्रसार गांव-गांव गूंज रहे मतदान के लोकगीत**

मंडला यशोः- लोकसभा निर्वाचन 2024 में 19 अप्रैल को निष्पक्ष निर्भीक एवं शत प्रतिशत नैतिक मतदान के लिए मतदाता जागरूकता रथ गांव-गांव पहुंचकर लोगों को जागृत एवं प्रेरित कर रहा है। इसी क्रम में मंडला से जागरूकता रथ रवाना होकर फूलसागर, ग्वारी, बबैहा, मंगलगंज, चिरईडोंगरी, भावल, लालीपुर, बाबादेवरी, नारायणगंज (बाजार) टिकरिया, बोरिया, देवहार, देवगांव, मानेगांव पहुंचकर लोगों को 19 अप्रैल को मतदान के लिए समझाइश दी गई। रथ में स्थानीय बोली की कविताएं एवं लोकगीत के माध्यम से लोगों को संदेश दिया जा रहा है।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर प्राथमिक शिक्षक निलंबित

मंडला यशोः- मतदान दलों के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले प्राथमिक शिक्षक नानसाय मरावी को कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल 2024 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडला में मतदान अधिकारी क्र. 3 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था जिसमें नानसाय मरावी प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला कुंडपानी विकासखंड घुघरी बिना किसी सूचना अथवा आवेदन के अनुपस्थित थे। निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य पर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन काल में इनका मु यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मवई निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## याचिका में हाईकोर्ट जबलपुर ने सुनाया फैसला

### 30 दिवस के अंदर कार्यवाहक पदोन्नति करने के दिये निर्देश

मण्डला यशोः- मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस संगठन के जिलाध्यक्ष राधेलाल नरेटी ने बताया कि उपवन क्षेत्रपालों को वनक्षेत्रपालों के रिक्त पदों पर उच्चतर पद का प्रभार दिलाये जाने हेतु संगठन के प्रांताध्यक्ष मुनेंद्र सिंह परिहार द्वारा म.प्र.उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका क्रमांक/5018 दिनांक 26/02/2024 दायर की गई थी। दिनांक 10/4/2024 को याचिका की सुनवाई के दौरान माननीय उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आदित्य अहीवासी के द्वारा सुसंगत तरीके से बहुत ही मजबूती के साथ संगठन का पक्ष रखते हुए कहा कि वनक्षेत्रपालों के कुल 430 पद रिक्त हैं जबकि केवल 86 उप वनक्षेत्रपालों को ही कार्यवाहक पद का लाभ दिया गया है। जिसमें मा.उच्च न्यायालय द्वारा अपर मु य सचिव वन विभाग एवं सचिव सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल को निर्देश जारी करते हुए कहा है आदेश की प्रामाणित प्रति प्राप्त होने के 30 दिवस के अंदर नियमानुसार कार्यवाहक पदोन्नति को लेकर बनाये गए मानदण्डों के अनुसार शेष उप वनक्षेत्रापालों की कार्यवाहक पदों की सूची जारी करें। माननीय उच्च न्यायालय के इस फैसले से समूचे म.प्र. के उप वनक्षेत्रपालों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संगठन के प्रांताध्यक्ष मुनेंद्र सिंह परिहार एवं जिलाध्यक्ष राधेलाल नरेटी के द्वारा कर्मचारी हित मे किये गए कार्य के लिए संगठन का आभार व्यक्त किया है।

## सुविधा केंद्र पर शत प्रतिशत हुआ मतदान



बालाघाट। लोक सभा निर्वाचन-2024 के तहत कले टर कार्यालय में बनाएं गए सुविधा केंद्र के आखरी दिन 100 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया हैं। पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी श्री राजेश कुमार खोबरागड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे मतदाता जो वास्तविक मतदान के दिन अनुपस्थिति के कारण मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान नहीं कर सकते। उन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से सुविधा दी गई थी। इस सुविधा में मीडिया के अलावा एमपीईबी और नगर पालिका के मतदाता शामिल रहें। पोस्टल बैलेट की सुविधा का लाभ लेने के लिए 24 संचार प्रतिनिधियों, 57 एमपीईबी और 28 नपा के अमले ने प्रारूप-12-डी प्रारूप में जानकारी भरकर स बंधित विभागों को दी गई थीं। उन्हें ही पोस्टल बैलेट की सुविधा दी गई थी। जिन्हें पोस्टल बैलेट जारी किया गया ऐसे 109 मतदाता थे। सभी 109 मतदाताओं ने 9 से 11 अप्रैल के बीच मतदान किया है। उपसंचालक जनस पर्क पुष्पेंद्र वास्कले ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जिन संचार प्रतिनिधियों के प्राधिकार पत्र अनुमोदित किये, उन्हें पीबी सुविधा के लिए मान्य किया गया। इसके लिए सभी संचार प्रतिनिधियों को 22 मार्च को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रारूप-12-डी भरवाए गए। ऐसे 25 संचार प्रतिनिधियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रारूप-12-डी भरे। इनमें से 24 संचार प्रतिनिधि जो बालाघाट संसदीय सीट अंतर्गत आने वाली विधान सभाओं के मतदाता थे। उन सभी ने मतदान कर पहली बार दी गई सुविधा का लाभ लिया। जबकि एक संचार प्रतिनिधि जो जबलपुर विधान सभा के मतदाता है। उनका मतदान 13 अप्रैल को होगा।

## चेट्रीचंड महोत्सव में वाहन रैली के माध्यम से नैतिक मतदान की अपील




मंडला यशोः- मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की स्वीप टीम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी इसमें अच्छा सहयोग मिल रहा है। बुधवार को सिंधी समाज के द्वारा वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल साईं के जन्म उत्सव श्री चेट्रीचण्ड महोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह वाहन रैली निकाली गई। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत एवं सिंधु नवयुवक मंडल के द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली के दौरान लोगों से आगामी 19 अप्रैल को अवश्य मतदान करने एवं लोकतंत्र के पर्व में सहभागिता करने की अपील की गई। इस अवसर पर बड़ी सं या में सामाजिक जन मौजूद रहे।

## घमंडिया गठबंधन के लोग परिवार को आगे बढ़ा रहे हैं, मोदी जी देश को आगे बढ़ा रहे हैं - अमित शाह

**आदिवासी कल्याण के लिए काँग्रेस 55 साल तक कुछ नहीं कर पाई**

**गरीब, दलित, युवा और महिला कल्याण मोदी जी का लक्ष्य**

**काँग्रेस ने डिस्ट्रि ट मिनरल फंड की जगह डायनेस्टी मैनेजमेंट फंड शुरू किया**

**काँग्रेस अब सपने में भी सत्ता में नहीं आने वाली है**

**मध्य प्रदेश को न सलवाद से मुक्त करने का काम मोदी जी ने किया**

**काँग्रेस ने आंतक को सिर चढ़ाया, मोदी जी ने आंतक का सफाया किया**

**इंडी अलायंस भ्रष्टाचारियों के जमघट के अलावा कुछ नहीं**

मंडला यशाः- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज गुरुवार को मध्यप्रदेश के मंडला और कटनी में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और जनता से मध्य प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर प्रचंड बहुमत से कमल खिलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं खजुराहो से भाजपा प्रत्याशी श्री विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश सरकार में मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय एवं श्री प्रहलाद पटेल तथा मंडला से भाजपा प्रत्याशी श्री फग्गन सिंह कुलस्ते सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

कांग्रेस द्वारा भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति करने पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एक ओर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए हैं, वहीं दूसरी तरफ परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार वाला इंडी गठबंधन है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का उद्देश्य गरीब, आदिवासी और पिछड़े समाज के प्रत्येक व्यक्ति का उत्थान करना है, जबकि विपक्षी गठबंधन एवं कांग्रेस पार्टी का एकमात्र लक्ष्य परिवार को आगे बढ़ाना है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जब 2014 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सत्ता में आते ही गरीब, दलित और पिछड़ों के विकास का संकल्प लिया था तब मीडिया ने इस संकल्प पर कटाक्ष किए। लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में 95 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान स मान निधि का लाभ दिया है, 70 लाख महिलाओं के घर में नल से जल पहुंचाया है, 4 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया है, 80 लाख घरों में शौचालय बनाए हैं, 83 लाख महिलाओं को गैस सिलेंडर दिए है और 42 लाख गरीबों को आवास दिया है। भाजपा सरकार ने पूरे देश में 80 लाख लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न प्रदान किया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब कल्याण के अनेक काम किए हैं।

कांग्रेस को आदिवासी विरोधी बताते हुए श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 55 वर्षों के शासन में जनजातीय समुदाय के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पहली बार एक




आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाकर पूरे जनजातीय समाज को स मान दिया। कांग्रेस ने जनजातीय समुदाय के साथ सिर्फ धोखा किया है, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की भाजपा सरकार में पहली बार जनजातीय मंत्रालय का गठन किया गया और उसके बाद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बिरसा मुंडा जयंती को ÷जनजातीय गौरव दिवस÷ के रूप में मनाना शुरू किया। भाजपा सरकार ने पेसा अधिनियम को सबसे पहले मध्य प्रदेश में धरातल पर लागू किया है। भाजपा सरकार ने सैकड़ों एकलव्य विद्यालय बनाए हैं, आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए लगभग एक लाख करोड़ रुपए डिस्ट्रि ट मिनरल फंड के रूप में आवंटित किए हैं। कांग्रेस ने ÷डिस्ट्रि ट मिनरल फंड÷ की जगह ÷डायनेस्टी मैनेजमेंट फंड÷ बनाया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चाहते हैं कि देश आगे बढ़े, लेकिन इंडी गठबंधन के नेता चाहते हैं उनके बेटे-बेटी आगे बढ़ें। ममता बनर्जी, शरद पवार, स्टालिन और सोनिया सहित इंडी गठबंधन के तमाम नेता अपने बेटे-बेटी को सत्ता तक पहुंचाना चाहते हैं। सिर्फ अपने परिवार का भला सोचने वाले नेता कभी देश के गरीब, युवा, वंचित और महिला के हित कभी नहीं सोच सकते। देश के गरीब, युवा, वंचित और महिला के हित में सिर्फ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही सोच सकते हैं। भाजपा सरकार ने अपने सभी वादे पूरे किए हैं। भाजपा सरकार में देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुँच गयी है। भाजपा सरकार वर्ष 2027 तक भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएगी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 55 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाया, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाकर 500 वर्षों की प्रतीक्षा को खत्म किया है। रामलला 500 वर्षों के बाद राम नवमी अपने भव्य महल में मनाएंगे। भाजपा सरकार में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर नवीनीकरण और महाकाली मंदिर की पुनर्स्थापना सहित अनेक मंदिरों की पुनर्स्थापना की गई है। कांग्रेस नेता कश्मीर को भारत के अन्य राज्यों से जोड़ने पर सवाल उठाते हैं, लेकिन कांग्रेस ये भूल गई की माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का एक अटूट हिस्सा बना दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में आतंकवाद और ने सलवाद पूरे देश को डस रहा था, लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मध्य प्रदेश सहित पूरे देश से ने सलवाद लगभग समाप्त कर दिया है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस शासन में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे, लेकिन कांग्रेस आतंकवादियों पर कोई कार्रवाई नहीं करती थी। लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पाकिस्तान में घुस कर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके आतंकवादियों का सफाया किया। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बना और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसका नाम शिव-शक्ति पॉइंट रखा ,जिसे पूरे विश्व में सराहा गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने जी-20 का सफल आयोजन कर पूरे विश्व में अपना कूटनीतिक परचम लहराया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पिछले 2 दशक में मध्यप्रदेश में श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विकास की गंगा बही है। भारतीय जनता पार्टी के शासन में मध्यप्रदेश में 906 किमी का नर्मदा ऐ सप्रेसवे, 3000 करोड़ की लागत से रेलवे लाइन और आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया गया। इसके अलावा जनजातीय कृषि उपज जैसे कोदो, कुटकी, रागी, को मिलेट के नाम से दुनिया भर में प्रसिद्धि दिलाई, हालोन सिंचाई परियोजना के तहत 12 हजार हे टेयर भूमि को सिंचित किया, बहुउद्देशीय रेल परियोजना के कार्य, 210 करोड़ का राजमार्ग, छिंदवाड़ा, सिवनी और मंडला में मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की स्थापना कर रही है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्षों तक पूरे देश को जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार में बांटे रखा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में से जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म कर दिया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में सिर्फ चार जातियां मानी हैं जो गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाला किए और जब उनके ऊपर कार्रवाई हो रही है, तो उन्हें समस्या हो रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हर भ्रष्टाचारी को जेल में डालने और जनता को उनकी पाई-पाई लौटाने का संकल्प लिया था, जिसे वे आज चरितार्थ भी कर रहे हैं। कांग्रेस नतृत्व वाली यूपीए सरकार ने अपने 10 वर्ष के शासन में मध्यप्रदेश को मात्र 1 लाख 99 हजार करोड़ रुपए आवंटित किया, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में 7 लाख 74 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ÷विकसित भारत÷ के संकल्प को पूरा करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री को एक बार फिर से देश का प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। देश की माताओं - बहनों को संसद में 33 प्रतिशत का आरक्षण देकर महिलाओं को सशक्त बनाने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को मंडला की जनता का आशीर्वाद जरूर मिलना चाहिए। श्री अमित शाह ने हुंकार भरते हुए जनता से भाजपा को 29 सीटों पर जीत हासिल करवाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को एक फिर से प्रधानमंत्री बनाने और 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने का आग्रह किया।

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा ने जो कहा वह किया - डॉ. मोहन यादव**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंडला रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की पौरूष, पराक्रम और पुरूषार्थ की धरती है। हम सबके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे देश से ने सलवाद और आतंकवाद को समाप्त करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी आज मंडला की धरती पर पधारे हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा ने जो कहा वह किया है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया है, उस संकल्प पत्र को पूरा किया जाएगा, ` योंकि वह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है। भाजपा सरकार प्रदेश के किसानों को गेहूं पर 125 रुपए का बोनस दे रही है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के समय जो कहा गया है, उतना बोनस किसानों को दिया जाएगा। मैंने कैबिनेट की पहली बैठक रानी दुर्गावती को स मान देते हुए जबलपुर में की थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए कार्य कर रही है। श्री नरेन्द्र मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सभी भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक वोटों से विजयी बनाएं।

**मंडला में 18 लाख से अधिक हितग्राही मोदी जी की योजनाओं से लाभान्वित-श्री कुलस्ते**

जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री व मंडला लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मंडला लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान स मान निधि, लाड़ली बहना योजना के 18 लाख से अधिक हितग्राही हैं। इन सभी लोगों का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रहीं लाभार्थी योजनाओं से जिंदगी बदलने का कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने ज मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त करने का कार्य किया है। और श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सभी जनता जनार्दन भाजपा को अधिक से अधिक सं या में वोट दें। मण्डला पुलिस ग्राउंड में आयोजित विशाल जनसभा में मंच पर लोकसभा प्रदेश सहप्रभारी श्री सतीश उपाध्याय, केबिनेट मंत्री ` लस्टर प्रभारी श्री कैलाश विजयवर्गीय, कैबिनेट मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके, राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, लोकसभा प्रभारी डॉ विनोद मिश्रा, श्री सत्येंद्र भूषण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, अवधराज बिलैया, आलोक दुबे, विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश,जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, डॉ शिवराज शाह, पंडित सिंह धुर्वे, राकेशपाल, रामप्यारे कुलस्ते, डॉ विजय आनंद मरावी सहित बड़ी सं या में भाजपा पदाधिकारी एंव जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297